शिविर में दिया साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण

छत्रपति संभाजीनगर | मौलाना आजाद महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में सायबर विभाग की पुलिस निरीक्षक प्रवीणा यादव ने 90 विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के दौर में बढ़ते साइबर क्राइम को लेकर सावधानी बरतने, शिकार होने से बचने के लिए कौन से नंबर से संपर्क करें, आदि की जानकारी दी।

कमाओ और सीखो योजना का उठाओ लाभ- महाविद्यालय के प्राचार्य मजहर फारुकी ने ऑनलाइन ठगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए विद्यार्थियों से सावधानी बरतने एवं कमाओ और सीखो योजना का लाभ उठाने की अपील भी की। क्विकहील फाउंडेशन की सुगंधा दाणी ने अलग-अलग प्रकार के साइबर क्राइम से होने वाले दुष्परिणामों एवं स्कूल के विद्यार्थियो को जागृत करने पर जोर दिया। शिविर को सफल बनाने के लिए करियर काउंसिलिंग एंड गाइडंस सेल की समन्वयक डॉ. माधुरी सहस्त्रबुद्धे, डॉ. सादिक अली शेख, डॉ. शेख कलीमुद्दीन राशीद, डॉ. मकिन और जीशान नख्शबंदी आदि ने परिश्रम किया।

दैनिक भास्कर
Thu, 21 September 2023
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/734